दिन– शुक्रवार दिनांक– 01 / 08 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। अवधि– 05 मिनट

---

निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के दूसरे चरण के तहत निर्वाचन सूची के प्रारूप का प्रकाशन कर दिया है। मतदाता सूची की भौतिक और डिजिटल प्रति सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को भी उपलब्ध करा दी गई है। आयोग ने कहा है कि मतदाता और राजनीतिक दल इस सूची पर एक सितम्बर तक दावा आपत्ति कर सकते हैं। नब्बे हजार बूथ लेवल अधिकारियों को इस कार्य में लगाया गया है। आयोग ने कहा कि दावा आपत्ति के निष्पादन के लिए सभी प्रखंड सह अंचल कार्यालय तथा शहरी निकाय कार्यालयों में दो अगस्त से एक सितम्बर तक विशेष कैंप लगाए जायेंगे। ये कैंप सप्ताह के सातों दिन पूर्वाह्न दस बजे से अपराह्न पांच बजे तक संचालित होंगे।

आयोग ने कहा कि पात्र नागरिक जिनका नाम किसी कारण से प्रारूप निर्वाचक सूची में शामिल नहीं हो सका है, वे घोषणा पत्र और आवश्यक दस्तावेजों के साथ दावा आपत्ति कर सकते हैं। वहीं, दिव्यांग और बुर्जुग मतदाताओं से बीएलओ उनके घर जाकर आवेदन प्राप्त करेंगे। छब्बीस सितंबर तक दावा आपत्ति से संबंधित विभिन्न आवेदनों की जांच होगी। इसके बाद तीस सितंबर को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की जाएगी। इस सूची के आधार पर ही राज्य में आगामी विधानसभा चुनाव कराए जाएंगे।

———————————————

निर्वाचन आयोग ने उप राष्ट्रपति चुनाव का कार्यक्रम जारी कर दिया है। मतदान नौ सितम्बर को होगा और इसी दिन मतों की गिनती भी होगी। सात अगस्त को चुनाव संबंधी अधिसूचना जारी होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया भी शुरू हो जायेगी। नामांकन की अंतिम तिथि इक्कीस अगस्त निर्धारित है। गौरतलब है कि जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद से उप राष्ट्रपति का पद रिक्त है।

———————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिक्षा विभाग के अंतर्गत कार्यरत रसोइयों, रात्रि प्रहरियों और शारीरिक शिक्षा तथा स्वास्थ्य अनुदेशकों की मानदेय राशि दोगुनी करने की घोषणा की है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में श्री कुमार ने कहा कि अब मध्याह्न भोजन योजना में कार्यरत रसोइयों को एक हजार छह सौ पचास रुपए की जगह तीन हजार तीन सौ रुपए प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। वहीं, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत रात्रि प्रहरी का मानदेय प्रतिमाह पांच हजार रुपए से बढ़ाकर दस हजार रुपए करने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि शारीरिक शिक्षा और स्वास्थ्य अनुदेशकों को अब प्रतिमाह आठ हजार रुपए की जगह सोलह हजार रुपए मानदेय मिलेगा। साथ ही शारीरिक शिक्षा और स्वास्थ्य अनुदेशकों की वार्षिक वेतन वृद्धि दो सौ रुपए के स्थान पर चार सौ रुपए करने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने आशा जताई कि इससे शिक्षा विभाग में कार्यरत कर्मियों के मनोबल में वृद्धि होगी और वे अधिक उत्साह और लगन से अपने कार्यों का निष्पादन करेंगे।

———————————————————

राज्य में आज से घरेलू बिजली उपभोक्ताओं के लिए एक सौ पच्चीस यूनिट मुफ्त बिजली की व्यवस्था प्रभावी हो गई है। ऊर्जा विभाग ने कहा है कि उपभोक्ताओं को जुलाई महीने के विपत्र से इसका लाभ मिलेगा। वहीं, स्मार्ट प्रीपेड मीटर वाले उपभोक्ताओं को एक सौ पच्चीस यूनिट के बाद खपत हुई बिजली की राशि काट कर शेष राशि रिफंड कर दी जाएगी। अगस्त महीने से एक सौ पच्चीस यूनिट बिजली का उपयोग करने वाले उपभोक्ताओं का बिल शून्य आएगा। इसके बाद की खपत पर उपभोक्ताओं को तय अनुदानित दर पर बिजली बिल का भुगतान करना होगा। सरकार के इस फैसले का एक करोड़ छियासी लाख से अधिक उपभोक्ताओं का लाभ मिलेगा।

———————————————————

राजधानी पटना सहित दक्षिण बिहार के अधिकांश हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान पटना के पंडारक में सबसे अधिक एक सौ बत्तीस मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग ने आज खगड़िया, जमुई, मुंगेर, बांका, गया, शेखपुरा, लखीसराय, बेगूसराय, भागलपुर, नवादा, नालंदा और पटना जिले में कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की है।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।